ई मेल/सीसीटीएनएस/Beat Policing/अति महत्वपूर्ण

**Beat Policing के माध्यम से प्रदेश में अपराधों के रोकथाम एवं अनावरण के दृष्टिकोण से संबंधित सूचनाओं को अंकित किये जाने संबंधी**

# पुलिस मुख्यालय महानिदेशक उत्तर प्रदेश, लखनऊ

1–तिलक मार्ग, लखनऊ।

पत्रांक–टीएस–सीसीटीएनएस–98/2018 दिनांकः लखनऊः दिसम्बर 24, 2018

सेवा में,

समस्त अपर पुलिस महानिदेशक जोन, उत्तर प्रदेश।
समस्त पुलिस महानिरीक्षक/पुलिस उप महानिरीक्षक, परिक्षेत्र उत्तर प्रदेश।
समस्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक, जनपद उत्तर प्रदेश।

**विषयः– सीसीटीएनएस योजना में Beat Policing के माध्यम से प्रदेश में अपराधों के रोकथाम एवं अनावरण के दृष्टिकोण से संबंधित सूचनायें दर्ज किये जाने हेतु SOP (Standard Operating Procedures मानक संचालन प्रकियाएं) विषयक।**

ज्ञातव्य हो कि बीट पुलिसिंग अपराधों के रोकथाम एवं अनावरण के लिए मूलभूत व्यवस्था है। वर्तमान में प्रौद्योगिकी, मोबाइल फोन व एप्प एवं सोशल मीडिया के प्रसार के कारण बीट पुलिसिंग को अधिक सरल, महत्वपूर्ण एवं प्रभावी बनाया जा रहा है।

2. बीट के सभी संबंधित कार्यों एवं दायित्वों को बीट पुलिसिंग एप्प में समाहित किया गया हैः– जैसे कि बैंक, एटीएम, पेट्रोल पम्प आदि की चेंकिंग, बाजार, मेले, अपराध के दृष्टिकोण से संभावित व प्रभावित क्षेत्रों में गश्त, सभी तरह के अपराधों में घटनास्थल पर जाकर उसकी सूचना देना, जघन्य अपराधियों/हिस्ट्रीशीटरों की चेकिंग, आदि।

3. बीट पुलिस कर्मी द्वारा भेजी गयी सूचना इस एप्प के माध्यम से संबंधित थानाध्यक्ष, क्षेत्राधिकारी, पुलिस अधीक्षक/ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक तक तत्काल पहुॅचेगी एवं जघन्य टिक करने पर रेंज, जोन व मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 तक तत्काल फोटो, टेक्स्ट व आडियो सहित चली जायेगी। साथ ही, इसमें घटना स्थल का गूगल–मैप पर लोकेशन SMS के द्वारा चला जायेगा जिसे क्लिक कर कोई भी अधिकारी गूगल–मैप पर घटना–स्थल देख सकता है और वहॉ अपने आप पहुॅच सकता है। साथ ही, गूगल–मैप पर अपराधियों के भागने के रास्ते, साम्प्रदायिक मामलों में आस–पास के प्रभावित गॉव/मोहल्ले और वहॉ पुलिस–बल भेजने, नाकाबन्दी करने आदि को गूगल–मैप पर देखकर प्रभावी निर्णय ले सकता है।

4. इस बीट पुलिसिंग एप्प में सभी पुलिस कर्मियों के थाना का नाम, बीट व उनका मोबाइल नम्बर, जो उनके पुलिस नामिनल रोल में अंकित है, बीट पुलिसंग एप्प मे OTP के माध्यम से प्रवेश कर सकते हैं। इस एप्प के द्वारा अपराध की सूचना व संदेश थानास्तर से वरिष्ठ अधिकारियों को SMS के द्वारा स्वतः चला जायेगा एवं वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा भी थाना स्तर तक सभी पुलिस कर्मियों को कोई भी संदेश व सूचना व परिपत्र भी एक साथ भेजा जा सकता है। अतः फीड किये गये, **पुलिस कर्मियों के स्थानान्तरित होने पर नामिनल रोल में उपरोक्त सभी सूचना को तत्काल अद्यावधिक करायें एवं भविष्य में भी इसका सतत् अनुश्रवण करते रहें।**

5. इसके अतिरिक्त लूट आदि जघन्य अपराधों के अक्षांश/देशांतर (Latitude/Longitude) जो सीसीटीएनएस में लिये गये हैं, उनके अनुसार उक्त बीट में क्राइम–मैंपिंग भी प्रदर्शित होगा जिससे

पुलिस कर्मी जघन्य अपराधों से प्रभावित/संवेदनशील क्षेत्रों के बारे में भिज्ञ हो सकेंगे और अपराधों का ट्रेन्ड जान सकेंगे।

6. उक्त बीट पुलिसिंग एप्प को सभी जनपद के सभी पुलिस कर्मी अपने–अपने मोबाइल में डाउनलोड कर अगले **सात दिनों तक इसका ट्रायल कर प्रशिक्षित हो जायें** एवं इसे और अधिक संवर्द्धित करने के लिए सुझाव भेजें। **बीट पुलिसिंग एप्प के सन्दर्भ में विस्तृत SOP (Standard Operating Procedures मानक संचालन प्रक्रियाएं) संलग्न** कर उपलब्ध करायी जा रही है।

7. सभी जनपद पुलिस अधीक्षक/ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पुलिस प्रभारी अपने जनपद कोऑर्डिनेटर कम्प्यूटर आपरेटर (ग्रेड–ए) के माध्यम से सभी पुलिस कर्मियों को **Beat Policing** की प्रक्रिया के सम्बन्ध में प्रशिक्षित कराकर उपयोग में लायें। **सभी जनपदीय कोऑर्डिनेटर को इस एप्प का लिंक उपलब्ध करा दिया गया है जिससे समस्त पुलिसकर्मियों को डाउनलोड करा दें।**

8. मासिक गोष्ठियों एवं अपराध गोष्ठी अथवा समीक्षा बैठक में अधिकारियों/कर्मचारियों को उपरोक्त के दृष्टिगत जागरूक करें, साथ ही इसका पर्यवेक्षण व अनुश्रवण भी नियमित रूप से करते रहें। इस महत्वपूर्ण बिन्दु को आप गंभीरता से लें। उक्त कार्य में शिथिलता न आने पाये इस हेतु जोन/ परिक्षेत्र/ जनपद के पुलिस प्रमुख प्रभारी इस कार्यवाही व प्रक्रिया में सूचना अंकित कराये जाने हेतु नियमित पर्यवेक्षण करते रहेंगे।

9. उपरोक्त प्रक्रिया के अनुसार डाटा फीड करने में यदि किसी प्रकार की समस्या हो तो तकनीकी सेवायें मुख्यालय में नियुक्त 1. श्री विवेक कुमार, प्रोग्रामर ग्रेड–2, उत्तर प्रदेश पुलिस कम्प्यूटर केन्द्र, लखनऊ सीयूजीनं0–मोबाइल नंम्बर 9454405236 email ID-vivekkumar22003@gmail.com, 2. श्री आदर्श कुमार, कम्प्यूटर आपरेटर, ग्रेड–ए, उत्तर प्रदेश पुलिस कम्प्यूटर केन्द्र, लखनऊ मो0न0–7844914899 Email ID-tshqup@gmail.com 3. मो0 अयूब, कम्प्यूटर आपरेटर, ग्रेड–ए, उत्तर प्रदेश पुलिस कम्प्यूटर केन्द्र, लखनऊ मो0न0–9451843922 पर सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है।

**संलग्नक–यथोपरि मेल द्वारा प्रेषित।**

24/12

**(ओ0पी0 सिंह)**
पुलिस महानिदेशक,
उत्तर प्रदेश


**प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं अग्रेतर कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. अपर पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0पुलिस मुख्यालय, प्रयागराज।
2. अपर पुलिस महानिदेशक, अपराध, मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
3. अपर पुलिस महानिदेशक, कानून एवं व्यवस्था, मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
4. अपर पुलिस महानिदेशक, तकनीकी सेवायें, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
5. पुलिस महानिरीक्षक/पुलिस महानिदेशक के जनरल स्टाफ आफीसर, मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
6. समस्त जोन कोऑर्डिनेटर कम्प्यूटर आपरेटर (ग्रेड–ए) उत्तर प्रदेश।
7. समस्त परिक्षेत्र कोऑर्डिनेटर कम्प्यूटर आपरेटर (ग्रेड–ए) उत्तर प्रदेश।
8. समस्त जनपद कोऑर्डिनेटर कम्प्यूटर आपरेटर (ग्रेड–ए) उत्तर प्रदेश को इस निर्देश के साथ कि जनपद के समस्त थानों के कम्प्यूटर आपरेटर एवं सीसीटीएनएस भिज्ञ पुलिस कार्मियों को अवगत करायें।
9. श्री दिग्विजय, कम्प्यूटर आपरेटर (ग्रेड–ए), उ0प्र0 पुलिस तकनीकी सेवायें मुख्यालय, लखनऊ को इस निर्देश के साथ कि समस्त कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड–ए को क्यू–मेल के माध्यम से प्रेषित किये जाने व अभिलेखार्थ रिपोर्ट उपलब्ध कराये जाने हेतु।
10. प्रभारी ईमेल को पत्र मेल व वेबसाइट पर अपलोड किये जाने हेतु।


# बीट पुलिसिंग एप्प

- बीट पुलिसिंग अपराधों के रोकथाम एवं अनावरण के लिए मूलभूत व्यवस्था है। वर्तमान में तकनीक, मोबाइल एवं सोशल मीडिया के प्रसार के कारण मोबाइल एप्प के द्वारा बीट पुलिसिंग को और अधिक सरल, महत्वपूर्ण एवं प्रभावी बनाये जाने के उद्देश्य से बीट पुलिसिंग एप्प का निर्माण किया गया है ।
- बीट के सभी संबंधित कार्यों एवं दायित्वों को बीट पुलिसिंग एप्प में समाहित किया गया है जैसे बैंक, एटीएम, पेट्रोल पम्प आदि की चेकिंग, बाजार, मेले, अपराध के दृष्टिकोण से संभावित व प्रभावित क्षेत्रों में गश्त, सभी तरह के अपराधों में घटनास्थल पर जाकर उसकी सूचना देना आदि।
- इस बीट पुलिसिंग एप्प में सभी पुलिसकर्मी अपने मोबाइल नंबर से जो उनके पुलिस नामिनल रोल में अंकित है,OTP (One Time Password) के माध्यम से प्रवेश कर सकते हैं |
- इस एप्प के द्वारा अपराध की सूचना व संदेश थानास्तर से वरिष्ठ अधिकारियों को SMS के द्वारा स्वतः चला जायेगा | साथ ही वरिष्ठ अधिकारियो द्वारा सूचना एवं संदेश सीधे अपने अधीनस्थ पुलिस अधिकारियों को भेजी जा सकती है।
- इसके अतिरिक्त लूट, डकैती, नकबजनी, वाहन चोरी आदि जघन्य अपराधों के अपराधियों व हिस्ट्रीशीटर की जियोटैगिंग की जा सकती है | इस एप्प के माध्यम से उनकी निगरानी की जा सकती है | उक्त अपराधियों की जियोटैगिंग होने पर CCTNS में उपलब्ध उनका आपराधिक इतिहास भी स्वतः प्रदर्शित हो जायेगा|
- इस एप्प के माध्यम से भरे गये विवरण को https://ncog.gov.in/UP_Home/login पर लॉग इन कर **"Report → Beat Policing"** द्वारा देखा जा सकता है | ( यूजर ID एव पासवर्ड SMS/E-mail द्वारा पृथक से उपलब्ध करा दिया जायेगा)
- बीट पुलिसिंग एप्प को डाउनलोड करने हेतु सर्वप्रथम किसी वेब ब्राउज़र में **https://ncog.gov.in/beat_police1.2.apk** वेब Address अंकित कर Enter बटन दबाएँ | apk फाइल प्राप्त होगी जिसे मोबाइल में इंस्टाल कर लें |

- एप्प इंस्टाल होने पर “beat_police” नामक आइकॉन, मोबाइल में प्रदर्शित होने लगेगा जिस पर क्लिक कर मोबाइल एप्प शुरू किया जा सकता है |उल्लेखनीय है कि उक्त एप्प चलाने हेतु मोबाइल में इन्टरनेट एवं लोकेशन On होना चाहिए |
- मोबाइल एप्प, शुरू होने पर, यूजर से मोबाइल नंबर मांगता है | “Get OTP” बटन दबाने पर **<u>पुलिस नामिनल रोल में मोबाइल नंबर खोजता है | मोबाइल नंबर पुलिस नामिनल रोल में मौजूद होने पर OTP जायेगा</u>** जिसे भरकर, “Submit” बटन दबा कर, यूजर एप्प में आगे बढ़ सकेगा |



➢ बीट पुलिसिंग एप्प के मुख्य स्क्रीन पर 05 हरे बटन दिखाई देते हैं:




1. रिपोर्ट, जिसके माध्यम से बीट में हो रही किसी विशेष घटना को उच्च अधिकारियों के संज्ञान में लाया जा सकता है
2. रिपोर्ट ड्यूटी, जिसके माध्यम से बीट में निर्वहन किये जा रहे दायित्व से उच्च अधिकारियों को अवगत कराया जा सकता है |
3. जियोटैगिंग, जिसके माध्यम से बीट में उपस्थित हिस्ट्रीशीटर, ATM, अस्पताल, VVIP,पेट्रोल पम्प आदि महत्वपूर्ण स्थानों की जियोटैगिंग की जा सकती है |
4. मेसेज, जिसके माध्यम से कोई सन्देश उच्च अधिकारियों तक प्रेषित किया जा सकता है |
5. मैसेज रिपोर्ट पर क्लिक करने से बीट से सम्बन्धित मैसेज की रिपोर्ट प्राप्त की जा सकती है ।

# 1. रिपोर्ट

- यहाँ बीट से जुडी कोई घटना या सूचना, सम्बंधित फोटो/दस्तावेज एवं Remark (टिप्पणी), उस बीट से सम्बंधित थाने के SHO, क्षेत्राधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक तक, “Submit” बटन दबा कर भेजी जा सकती है |
- यदि घटना या सूचना, जघन्य श्रेणी की हो तो “जघन्य” चेक बॉक्स को चुन लें जिससे वह घटना या सूचना, उस बीट से सम्बंधित थाने के SHO, क्षेत्राधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के साथ ही परिक्षेत्र, जोन एवं पुलिस महानिदेशक महोदय के कार्यालय तक भेजी जा सकती है |
- 



# 2. ड्यूटी रिपोर्ट

- यहाँ बीट में सम्पादित किये जा रहे कार्य की सूचना, सम्बंधित फोटो/दस्तावेज एवं Remark (टिप्पणी), उस बीट से सम्बंधित थाने के SHO, क्षेत्राधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक तक, “Submit” बटन दबा कर भेजी जा सकती है |




## 3. <u>जियोटैगिंग</u>

- यहाँ बीट में उपस्थित, कानून एवं व्यवस्था से जुड़े महत्वपूर्ण स्थलों (बैंक/ATM, अस्पताल,संवेदनशील/विवादित स्थान इत्यादि) एवं व्यक्तियों (हिस्ट्रीशीटर, अन्य शातिर अपराधी, VVIP इत्यादि) के निवास स्थान/कार्यस्थल पर जियोटैगिंग की जा सकती है |
- साथ ही सम्बंधित फोटो/दस्तावेज एवं Remark (टिप्पणी) भी उक्त के साथ जोड़ा जा सकता है जिससे बीट में प्रवेश करते ही वे मैप पर, **<u>CCTNS में भरे गए उनके विवरण सहित</u>**, प्रदर्शित होने लगें |




## 4. मैसेज

- यहाँ बीट से जुडी सूचना, सम्बंधित थाने के SHO, क्षेत्राधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक तक, “Submit” बटन दबा कर भेजी जा सकती है |
- यदि घटना या सूचना, जघन्य श्रेणी की हो तो “जघन्य” चेक बॉक्स को चुन लें जिससे वह घटना या सूचना, उस बीट से सम्बंधित थाने के SHO, क्षेत्राधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के साथ ही परिक्षेत्र, जोन एवं पुलिस महानिदेशक महोदय के कार्यालय तक भेजी जा सकती है |
- <u>वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा भी सम्बंधित थाना स्तर तक कोई भी संदेश भेजा जा सकता है|</u>



# 5. मेसेज रिपोर्ट

➢ मैसेज रिपोर्ट पर क्लिक करने से बीट से सम्बन्धित मैसेज की रिपोर्ट प्राप्त की जा सकती है ।




**--धन्यवाद--**

- बीट पुलिसिंग अपराधों के रोकथाम एवं अनावरण के लिए मूलभूत व्यवस्था है। वर्तमान में तकनीक, मोबाइल एवं सोशल मीडिया के प्रसार के कारण बीट पुलिसिंग को और अधिक सरल, महत्वपूर्ण एवं प्रभावी बनाया जा सकता है।
- बीट के सभी संबंधित कार्यों एवं दायित्वों को बीट पुलिसिंग एप्प में समाहित किया गया है जैसे बैंक, एटीएम, पेट्रोल पम्प आदि की चेकिंग, बाजार, मेले, अपराध के दृष्टिकोण से संभावित व प्रभावित क्षेत्रों में गश्त, सभी तरह के अपराधों में घटनास्थल पर जाकर उसकी सूचना देना आदि।
- बीट पुलिस कर्मी द्वारा सूचना इस एप्प के माध्यम से संबंधित थानाध्यक्ष, क्षेत्राधिकारी, पुलिस अधीक्षक/ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक तक तत्काल पहुँचेगी एवं **जघन्य टिक करने पर रेंज, जोन व मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 तक तत्काल फोटो/ ऑडियो/ टेक्स्ट सहित चली जायेगी।**
- साथ ही इसमें घटना स्थल का लोकेशन गूगल-मैप पर SMS के द्वारा चला जायेगा जिससे कोई भी अधिकारी गूगल-मैप पर घटना-स्थल देख सकता है और वहां अपने आप पहुँच सकता है।
- साथ ही गूगल-मैप पर अपराधियों के भागने का रास्ता, साम्प्रदायिक मामलों में आस-पास के गाँव/मोहल्ले और वहाँ पुलिस-बल भेजने, नाकाबन्दी करने आदि को देखकर प्रभावी निर्णय ले सकता है।
- इस बीट पुलिस एप्प में सभी पुलिसकर्मी अपने मोबाइल नंबर से जो उनके पुलिस नामिनल रोल में अंकित है,OTP (One Time Password) के माध्यम से प्रवेश कर सकते हैं |

- कर्मियों की थाना का नाम, बीट व उनका मोबाइल नम्बर उनके पुलिस नामिनल रोल में फीड किये गये, पुलिस कर्मियों के स्थानान्तरित होने पर नामिनल रोल में तत्काल अद्यावधिक करायें एवं भविष्य में भी इसका सतत् अनुश्रवण करते रहें।
- इस एप्प के द्वारा अपराध की सूचना व संदेश थानास्तर से वरिष्ठ अधिकारियों को SMS के द्वारा स्वतः चला जायेगा एवं वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा थाना स्तर तक कोई भी संदेश, सूचना व परिपत्र भी एक साथ भेजा जा सकता है।
- इसके अतिरिक्त लूट, डकैती, नकबजनी, वाहन चोरी आदि जघन्य अपराधों के अपराधियों व हिस्ट्रीशीटर की जियोटैगिंग की जा सकती है | इस एप्प के माध्यम से उनकी निगरानी की जा सकती है | उक्त अपराधियों की जियोटैगिंग होने पर CCTNS में उपलब्ध उनका आपराधिक इतिहास भी स्वतः प्रदर्शित हो जायेगा |
- विगत वर्षों में हुई लूट, डकैती, नकबजनी, वाहन चोरी आदि जघन्य अपराधों के अक्षांश/देशान्तर (Lattitude/Longitude) जो सीसीटीएनएस में लिये गये हैं, उक्त बीट में क्राइम-मैंपिंग में प्रदर्शित होगा जिससे पुलिस कर्मी जघन्य अपराधों से प्रभावित एवं संवेदनशील क्षेत्रों के बारे में भिज्ञ हो सकेंगे।
- उक्त बीट पुलिसिंग एप्प को सभी जनपद के सभी पुलिस कर्मी अपने-अपने मोबाइल में डाउनलोड कर अगले 7 दिनों तक इसका ट्रायल कर प्रशिक्षित हो जायें एवं इसे और अधिक संवर्धित करने के लिए सुझाव भेजें।